तब नगर में चाल्या रायारे । मन माहे अति मुरझायारे ॥ राजे० ॥ १३ ॥ तब श्रावक कहे फरमावोरे । मे कह्यो सो देख्यो उपावोरे । मुझ बचने परतीत जरा लावो ॥ रा० ॥ १४ ॥ राय कहे आचार्य जो मोटारे । सो तो कधी न करे कर्म खोटारे । ये तो मिल्या कुमति घाल्या गोटा ॥ रा० ॥ १५ ॥ यों बोलता मेहल पास आयारे । तिहां आचार्य निकलता देखायारे । पैछाण्या प्रकाश के मांया ॥ राजे० ॥ १६ ॥ सो तो अन्तेवर में से आवेरे । एक राणी ने साथ लेजावेरे । देखी राय अति शरमावे ॥ रा० ॥ १७ ॥ पण मौन नृपति तब राखेरे । कौन विष्टा में फत्थर न्हाखेरे ॥ विप्र पापी कृत कर्म पाखे ॥ राजे० ॥ १८ ॥ अब किन को जाय पूकारूंरे । बलावु हुवा लूंटारूरे । सब खोटा मिल्या कैसे वारू ॥ राजे० ॥ १९ ॥ यह तो ठग की टोती देखाइरे । नहीं जैन मुनि निश्चय थाइरे ॥ करूं उपावजों कुमत बिरलाइ ॥ रा० ॥ २० ॥ ढाल दशमी अमोलक गावेरे । देवराजा को चित्त चलावेरे । धन्य विजय वक्के द्रढ रहावे ॥ राजे० ॥ २१ ॥ ❀ ॥ दोहा ॥

भेषी सुर कहे रायजी । देख्या मुनि चरित्र जैन जती ढोंगी सबी । तिण से हम पवित्र ॥ १ ॥ तुम सदा रहो घर विषे । किम जाणो यह बात ॥ में बहू रह्यो साधु विषे । जाणु सकल अवदात ॥ २ ॥ में तो मिथ्या न वदूं । पण नहीं तुम मन परतीत ॥ आज तो देखी आँख से । जैन जति की रीत ॥ ३ ॥ महारे बचने आसता । धारो अब महाराय ॥ छोडो पाखण्ड जैनमत । जो आत्म सुख पाय ॥ ४ ॥ नहीं कोइ इस काल में । साधु जगत् मझार ॥ धर्म नाम से जग ठगे । येही नृप सत्य धार ॥ ५ ॥ ❀ ॥ ढाल ११ मी ॥ जिंदवारे मेरी जान ॥ यह० ॥ सत्य सत्य सत्य जैनधर्म है । शंका मुझे ना लगार ॥ यों पाखण्ड देखी जगत् का । मुरझावुं न कोइ वार ॥ सत्य ॥ १ ॥ अन्धकार न व्यापे रवि थकी । चन्द्र सेन पडे ताप ॥ अमृत जेहर होवे नहीं । तैसा जिनजी अलाप ॥ सत्य ॥ २ ॥ चारों तीर्थ इण वक्त में । पाले शुद्ध जैनधर्म ॥ कर्म खपावे शिवसुख वरे । एक येही परम धर्म ॥ सत्य ॥ ३ ॥ तहा मेव वाणी सर्वज्ञ की । सत्य तीनोंही तत्व ॥

श्रद्धे परतीत चित रूचे । आराधू में निज सत्व ॥ सत्य ॥ ४ ॥ कदा एक हीरो खोटो दिखे । सब खोटा जाणो नाय ॥ खोटा सो तो खोटा ही है । खरा खोटा नहीं थाय ॥ सत्य ॥ ५ ॥ एक वक्र लूंटावे मार्गे । दूजी वक नहीं जाय । तो रस्ता सब बन्ध हुवे । जगरूढी नाश पाय ॥ सत्य ॥ ६ ॥ परम मार्ग वीतराग को । घणा पालणहार ॥ यह टोली मिली पाखंडी की । दूजा नहीं इणसार ॥ सत्य ॥ ७ ॥ महामुनि घणा भरत में । शुद्ध पाले आचार ॥ तैसेही सतीयां घणा । उनको महारो नमस्कार ॥ सत्य ॥ ८ ॥ अवधि ज्ञान देखे देवता । नृपति स्थिर परिणाम ॥ पाखण्ड पेखी दृढ घणा हुवा । देव विस्मय रयो पामे ॥ सत्य ॥ ९ ॥ प्रकट कहे सुणो रायजी । राणी अवगुण न जोय । थे तो फस्या हो दृष्टि राग में । शुद्ध मति कैसी होय ॥ सत्य ॥ १० ॥ जैसे कामी कामान्ध हो । न देखे नारी अवगुण । तिम जिन मत राचिया । विणसी मति जो निपुण ॥ सत्य ॥ ११ ॥ कुपक्षी धर्म न गृही सके । सुपक्षी सो ग्रह झट । अन्तर नेण खोली जोवो ।

छोड़ो यह खटपट ॥ सत्य ॥ १२ ॥ तत्वज्ञ होकर निर्णय करो । छोड़ो असत्य ये मत । इत्यादि बचन कह्या घणा । जाणे राव माने सत ॥ सत्य ॥ १३ ॥ स्वधर्म हीलणा सुण करी । राय कोपित होय । जाण्यो निन्हव तेह ने । भेषी मिथ्यामति सोय ॥ सत्य ॥ १४ वे परवा होइ वदे तदा । बोल बिचारी ने बोल । निन्दे महारा देव गुरु भणी । जाण्यो बचन से तोल ॥ सत्य ॥ १५ ॥ निर्णय कर निश्चयात्म हो । ग्रह्यो जैन धर्म मेय । नहीं निश्चय इण सारीखो । अन्य धर्म बिश्वे छेय ॥ सत्य ॥ १६ ॥ कौन सामर्थ त्रिलोक में । करे मिथ्या जिन वैण नहीं तुं श्रावक अछे । नहीं मानु थारी केण ॥ सत्य ॥ १७ ॥ रे मिथ्यात्वी कदा ग्रही । दांभिक भेष बणाय । आयो ठगवा भोला भणी । पण मठ गावुंगा नाय ॥सत्य॥ १८ ॥ पाखण्डी संग बोलणो । मुझ जरा जुगतो नाय । शीघ्र जा यह स्थानक तजी । जो कुशल तूं चहाय ॥ सत्य ॥ १९ ॥ कोप बचन सुणी राय का । सुर चमक्यो चित मझार । तत्क्षीण उठ चलतो हुवो । नहीं कियो चूंकार ॥ सत्य ॥

२० ॥ रायजी आया निज महल में । धरता चित्त चमत्कार (धूर्त साधु ने श्राव-
क सौ । खटके चित्त मझार ॥ सत्य ॥ २१ ॥ खेदाश्वर्य यह अति । ऊंच आत्म
यों आय । श्रद्धा विना रूले चउगते । सत्य श्री जिनबाय ॥ सत्य २२ ॥ यों भा-
वे निर्मल भावना । धन्य विजय नृपाल । प्रत्यक्ष बिपरीती जो दृढ रह्या । अमो-
ल एक दश ढाल ॥ सत्य ॥ २३ ॥ दोहा ॥ चित में चिन्ते असुर ते । निष्फल
हुवा सौ उपाव । परपर कर सहू दाखव्या । तेह से स्थिर रह्या भाव ॥ १ ॥ अब
बीतावुं घर परे । न्हाखी शंकट पूर ॥ जोवुं फिर व्रढ किम रहा कुमति ये चिन्ती
यों सुर ॥ २ ॥ सब मुगे सूता निशी बिषे ॥ तब देब स्वप्न मझार । राय सची-
व सामन्त को । कहै दिव रूप निजधार ॥ ३ ॥ शीघ्र सावध होवो सहू तुमे ।
जो इच्छो हो सुख ॥ तो वयण सत्य मानजो । तुम पुर पर आवे महा दुःख ॥
४ ॥ नाग कुमार कोपित हुवा । करेगा विघन अपार ॥ प्राते पूजो नाग मूरती ।
तो वरतसी चेनचार ॥ ५ ॥ ❀ ॥ ढाल १२ वी ॥ श्रावक श्रीवीरना चम्पाना

वासी जी ॥ यह ॥ धन्य विजय रायजी । द्रढ समकित धारी जी ॥ टेर ॥ आ-
श्चर्य पाया सब अतिजी । एकसो देख स्वपन ॥ आपस में चेतावती जी । करीये
सुख के जतन ॥ धन्य ॥ १ ॥ प्राते राय शभा विषे जी । निमिंतिक एक
आय ॥ स्वपना ने मिलती थकी सो । सहू कों बात सुणाय ॥ धन्य ॥ २ ॥
नृपादि सुणी यों सहू जी । आया हूं तुम हित काम ॥ भयंकर नाग देव को
अभी उपसर्ग होसी यह ठाम ॥ धन्य ॥ ३ ॥ तेह निवारण कारणे जी । एकही
सीधो उपाव ॥ राजा प्रजा सहू मिल करी । पूजो देवल ये नागराव ॥ धन्य ॥
॥ ४ ॥ स्वपन अने निमन्तिनी जी । मिली एकही सहू बात ॥ भय पाया सब
चित्त में जी । निश्चय सब मन आत ॥ धन्य ॥ ५ ॥ सचीव सामान्त प्रजा मिली
जी । उत्तम पूजापो सजाय ॥ पूजा करी नागराय की जी । अति आडम्बरे
आय ॥ धन्य ॥ ६ ॥ प्रणमी अर्जी करे सभीजी ॥ कोप निवार जो देव ॥ संतु-
ष्टी सुख सर्व अर्पजो । यह स्वीकारी हार सेव ॥ धन्य ॥ ७ ॥ विजय भूप श्रधी

नहीं जी । स्वप्न निमन्तिक बात ॥ होणहार सो होवसी । जो जिनजी देख्यो साक्षात ॥ धन्य ॥ ८ ॥ शुभा शुभ कर्म उपार्जिया । ते भोग्या ही छूटको होय । क्षीणिक सुख ने कारणे । कोन मूर्ख सम्यक्त्व विमोय ॥ धन्य ॥ ९ ॥ देव फस्या कर्म फास में ते । मानव ने कैसे छोडाय ॥ इम निश्चय अवलम्बिने । निश्चिन्त रह्या विजयराय ॥ धन्य ॥ १० ॥ सचीव सामान्त शाहजन मिली । करे नृप से नमी अरदास ॥ पधारो नाग पूजवा । ज्यों उपद्रव होवे नाश ॥ ध० ॥ ११ ॥ राय कहे कर्मोदय । नहीं देव टालण सामर्थ ॥ सम्यक्त्व रत्न गमाववो । न करूं मे यह अनर्थ ॥ ध० ॥ १२ ॥ दुःख सुख देव न दे सकेजी । कर्म संचित फल पाय ॥ यह अनुज्ञ शास्त्र की ते । येहीज वक्त काम आय ॥ धन्य ॥ १३ ॥ तत्वज्ञ धर्मी हुइ तुम । कैसी देवो मुझ यह सीख ॥ माल संभालो आपणो । ज्यों आगे न पावे तीख ॥ धन्य ॥ १५ ॥ इत्यादि सुन सहू चुप हुवाजी । निज २ स्थाने जाय ॥ तत्क्षीण राय भवन में । बहूत फणी धर प्रकट थाय ॥ धन्य ॥ १५ ॥

अरुण नेत्र अग्नि समाजी । मस्सी सम शरीर ॥ लम्ब भयंकर विष भर्याजी । उभय जीभे झरे नीर ॥ धन्य ॥ १६ ॥ फण विस्तारी फूंकारता जी । वन्हि ज्वाला प्रगटाय ॥ धरणी पछाडी फण पूंछ ने । ते सदन सर्व थरराय ॥ धन्य ॥ १७ ॥ भय भ्रान्त हुइ अन्ते उरीजी । दासादि पाया त्रास ॥ कोलाहल मच्यों महलमें । ते रायजी सुणीयो खास ॥ धन्य ॥ १८ ॥ आकर देख महलमें जी । लग रही दोडा दोड ॥ भुयंगम भयंकर अतिजी । देखे ही भागे खोड ॥ धन्य ॥ १९ ॥ त्याग करी ते भवन को सब । अन्यस्थाने जाय ॥ जीव की साथे कर्म ज्यों । ते सर्प लारे धाय ॥ धन्य ॥ २० ॥ जावे तहां साथ आवेजी । जाण्यो तब देव चरित्र ॥ निश्चिन्त बैठा एक स्थानक । में तो नहीं गमावुं समकित ॥ धन्य ॥ २१ ॥ सज्जन आदि घबरावे । पण राय न देवे ध्यान ॥ होणहार सो होवसी । यों चिन्ते निर्मल ज्ञान ॥ धन्य ॥ २२ ॥ उत्तरार्ध यह खण्ड की । ढाल द्वादश अमोल कहंत ॥ ऐसा द्रढ श्रधा धारी जी । क्यों नहीं मोक्ष लहंत ॥ २३ ॥ ❀ ॥ दोहा ॥ दाना शाणा

सामन्त मिल । समजावे बहू भांत ॥ सुज्ञ नृप अवसर लखी । स्वीकारो अवदात ॥ १ ॥ पूजा करो फणिन्द्र की । ज्यों होवे उपसर्ग दूर ॥ कारणे को दोषण नहीं । मानो केण हजूर ॥ २ ॥ कान न धरे नृप विनंती । तब सहू अति अकुलाय ॥ रीसा कहे धिक्क हट यह । अवसर औलखो नाय ॥ ३ ॥ समज्या समजावा किसो । कीजो ऊंडो विमास । निजात्म सज्जन तणो । हाथे मत करो नाशा ॥ ४ ॥ महा अनर्थ होवे जेह से । ते तजो समझी मन ॥ संसारार्थ साधने । करो नाग पूजन ॥ ५ ॥ ❀ ॥ ढाल १३ वी ॥ जिनेश्वर मोहणी जीत्याजी ॥ यह ॥ राजेश्वर समकित धारी हो । के धन्य जीत्या उपसर्ग भारी हो ॥ टेर ॥ सचीव सज्जन आदि सहू मिली हो । समझाया बहू भांत ॥ नहीं मानी राजिन्द्रजी हो । होणहार सो थात ॥ राजे ॥ १ ॥ राज का रायन स्वप्न में जी । कहे सुर कोपित होय ॥ हं भी हटीला भूपति । क्यों अभिमान ने घर खोय ॥ राजे ॥ भूल्यो सम्यक्त्व भ्रम मे । मुझसे मिथ्यात्वी देव बणाय ॥ सब माने तूं माने नहीं । छक्यो ऋद्धि गर्व के

मांय ॥ राजे ॥ ३ ॥ जाणे न पराकम माहेरो । छूं तूठो सुरतरूने समान ॥ रूठो कली काल सारीखो । हरुं छीणे छ में अभिमान ॥ राजे ॥ ४ ॥ प्रत्यक्ष परचो महेरो । तूं देख रह्यो है नेण ॥ तोही पण माने नहीं । नहीं सुणे सज्जन हित वेण ॥ राजे ॥ ५ ॥ जो हित वांछे तहारो तो । छोड जैन क्रिया रुद्ध ॥ नहीं तो दुःखीयो पूरो होसी । मान वचन मति बन सुद्ध ॥ राजे ॥ ६ ॥ चेतावूं तुझ करुणा करी । शीघ्र प्राते करी स्नान ॥ यथा विधी सहू साथ ले । जाइ पूजजे महारो स्थान ॥ राजे ॥ ७ ॥ तो सर्व सुख तुझ अर्पूंगा । नहीं तो करूंगा सर्व संहार ॥ निश्चय बचन यर महेरा । लीजे पक्का हृदय में धार ॥ राजे ॥ ८ ॥ यों कहकर अहीपति गयो । महीपति तव जागृत थाय ॥ स्वप्न चिन्तवता निश्चय कियो । मिथ्यात्वी सुर मुझने डिगाय ॥ राजे ॥ ९ ॥ जे इच्छे पूजा आपणी । अन्य पास करी बलत्कार ॥ ते रुठो किस्यो करी सके । तूठो करे किस्यो उपकार ॥ राजे ॥ १० ॥ नाश करे ऋद्धि तणो । ते तो प्रभुजी कही नाशवन्त ॥ नाशन करी सके

महेरो । त्रि रत्न दुर्लभ अत्यन्त ॥ राजे ॥ ११ ॥ अनन्त पुण्ये समकित मिली । नहीं खोवूं क्षणिक सुख काज ॥ इम निश्चय कर स्थिर रह्या । नहीं पूजा फणीन्द्र देवताज ॥ रा० ॥ १२ ॥ दिवसोदय राय भवन में । एक दीर्घ सर्प प्रगटाय ॥ श्याम शरीर रक्त नेण थी । सर्व जनने भय उपजाय ॥ रा० ॥ १३ ॥ जेष्ट पुत्र को डंकीयो पड्यो मुरछाइ तत्काल ॥ सज्जन परिजन मिल करी । करे रुदन आक्रन्द असराल ॥ राजे ॥ १४ ॥ कर धरी कहे राय को । अब शीघ्र चलो महाराय ॥ पूजा करो नाग मूर्ती । यह तो अनर्थ मोटो थाय ॥ रा० ॥ १५ ॥ राय न माने कोइ नो तब पटराणी ने दियो डंक ॥ ते भी पडी मुरछाय के । रायजी तो बैठा निशंक ॥ रा० ॥ १६ ॥ अति समजावे सहू मिली । भूप कान धरे नहीं बात ॥ तब डंक्यो बिचला कुमार नेजी । तेही पडयो मुरछात ॥ रा० ॥ १७ ॥ तीनों राणी तीनों पुत्र ने इम । करडयो नाग करूर ॥ छेउं पडया मुरछाय ने । कुटुम्ब कोपित हुयो रोश पूर ॥ रा० ॥ १८ ॥ धिक्कारण लग्या रायने । राय कहे समता रखो मन ॥

कर्मोदय प्राप्तज हुयां। नहीं चाले एक जतन ॥ रा० ॥ १९ ॥ शोकातूर सर्व जनहुइ। करे छउंको विविध उपचार ॥ औषध मंत्र मणी आदि सहू। पण असर न करे लगार ॥ रा० ॥ २० ॥ शोकातुर सर्व हो कहे। अब करनो किस्यो इलाज ॥ देव कोप्यो राय ऊपरे। करबा लागो महा अकाज ॥ राजे ॥ २१ ॥ पुनः सचीव सामन्त मिली। कहे त्रासी ने मानो राय ॥ तुम रागी जिनवेणना। तो दया न घट किम आय ॥ रा० ॥ २२ ॥ मनुष्य मरे छे धर्माने। डूबे आपको वंश ॥ यह पातक किण सिर चडे। घर हाणीने जन हंस ॥ रा० ॥ २३ ॥ शास्त्र में जिनजी कह्याजी। छे छन्डी आगार ॥ कारण उपने कुदेव ने। करे महा श्रावक नमस्कार ॥ रा० ॥ २४ ॥ इत्यादि समजावे घणा। पण राय न माने रंच ॥ ढाल तेरे अमोलक कहे। राय जाण्यो देव परपंच ॥ राजे ॥ २५ ॥ ❀ ॥ दोहा ॥ ते अवसर तहां आवीयो। सकल गारुडी सिरदार ॥ साज सज्यो तिण सहू विधी। देखत चित्त दे ठार ॥ १ ॥ गेरुवा वस्त्र तन सज्यो। जटा में कंगा खसोल ॥ तिलक

भाल माल कंठ में । बोले विश्वासु बोल ॥ २ ॥ काबड खन्ध है नाग की । पुंगी मधुरी बजाय ॥ भूजंग रमे तस तन परे । प्रत्यक्ष परिचय देखाय ॥ ३ ॥ दर्श देख गारुडी को । संतोषाणा सब मन ॥ यह तो निश्चय टाल से । आपणा सर्व विघन ॥४॥ ❀ ॥ ढाल १४ वी ॥ बिणजारारे ॥ यह० ॥ सुणो श्रोता हो ॥ सर्वजन खुशी अति होय । सत्कार कियो गारुडी तणो ॥ सुणो श्रोता हो ॥ सुणो श्रोता हो ॥ आवो ऊरा महाभाग्य । तुम दीठा हमने आनन्द घणो ॥ सुणो ॥१॥ सुणो ॥ कृपा करी इणवार । करामात देखावीये ॥ सुणो ॥ सुणो ॥ उतारो छेऊं को जेहर । हमारी चिन्ता गमावीये ॥ सुणो ॥२॥ सुणो ॥ करस्यां खुशी तुम तांय । मांग सो सो देस्यां सही ॥ सुणो ॥ सुणो ॥ उपकार होसी अपार । जीवित लगे भूलस्यां नहीं ॥ सुणो ॥ ३ ॥ सुणो भाइ हो । गारूडी छेऊं ने देख । कहे यह बिष विषम अति ॥ सुणो भाइ हो । सुणो भाइ हो । असाद्य सो दिखे यह । तो भी यतावुं मुझ शक्ति ॥ सुणो ४ ॥ सुणो ॥ मैं जाणूं अनेक उपचार । निर्विष निश्चय करस्यूं सही ॥ सुणो ॥

सुणो । करणहार करतार । करामात सब देखो यहीं ॥ सुणो ॥ ५ ॥ यों बहू बातों बनाय । कुंवारी कन्या बोलावइ ॥ सुणो ॥ सुणो ॥ न्हवाइ पुष्पे सजाय । पद्मासन वेंसावइ ॥ सुणो ॥ ६ ॥ सुणो ॥ अक्षत छाट्या तस तन । थर २ ते धूजण लगी ॥ सुणो ॥ सुणो ॥ नागदेव आयो अंग । गारुडी कहे देखो जगी ॥ सुणो ॥ ७ ॥ सुणो ॥ तस गारुडी कियो सत्कार । भले पधार्या कृपा करी ॥ नाग रायारे ॥ नाग रायारे ॥ होवो हम पर संतुष्ट । छेऊ को विष लेवो हरी ॥ नाग रायारे ॥ ८ ॥ सुणो भाइ हो ॥ कंन्या मुखथी सुर केय । कोपातुर होइ घणो ॥ सुणो ॥ सुणो ॥ यह राय अभीमानी अत्यन्त । अपमान अति कीयो हम तणो ॥ गारुडी हो ॥ ८ ॥ गारुडी हो ॥ मिथ्यात्वी कुदेव केय । परभा जरा नहीं केहनी ॥ गारु० ॥ तेहथी बताइ चमत्कार । मगरुरी हरुं राहनी ॥ गा० ॥ ९ ॥ गारुडी हो ॥ तूं जा थारे घेर । इण दुष्टरो पक्ष परिहरी ॥ गारु० ॥ गारु० ॥ नहीं मानुं थारी केण । रीस बुरी छे माहेरी ॥ गा० ॥ १० ॥ सुणो भाइ हो ॥

गारुडी करी नमस्कार । अत्यन्त नरमी अरजी करे ॥ सुणो ॥ नाग रायाहो ॥ तुम सब सामर्थ देव । मोटा सोही क्षमा धरे ॥ नाग० ॥ ११ ॥ नाग ॥ जो नमे गुन्हेगार आय । तो अपराध भूले सबी ॥ नाग० ॥ जेष्ट तणी यह है रीत । तेही आप धारो अबी ॥ ना० ॥ १२ ॥ नाग० ॥ फरमावो आप हुकम । सोही करावुं इण कने ॥ नाग० ॥ हिवे तजो सब रोस । वारम्वार सो इम भने ॥ सुणो ॥ १३ ॥ गारु० ॥ मुझने नम्यो सब जगत् । यह शुष्क काष्ट ज्यों नमे नहीं ॥ गारु० ॥ गारु० ॥ हिवइ जो करे नमस्कार । तो सब दुःख हरुं सही ॥ गारु० ॥ १४ ॥ सुणो रायारे ॥ गारुडी कहे खुश होय । नमन करो नाग रायने ॥ सुणो रायारे ॥ सुणो० ॥ थोडे हुइ सब खेर । अबी दुःख जावे विरलायने ॥ सुणो रा० ॥ १५ ॥ गारुडी हो ॥ नृप कहे सुण मुझ बात । उठ जा तूं थारे घरे ॥ गारु० ॥ गारु० ॥ जो ऐसा अभीमानी देव । विना काम अनर्थ करे ॥ गारु० ॥ १६ ॥ गारु० ॥ येही कुदेव लक्षण । तास वंदन में नहीं करुं ॥ नहीं इण लोक की आस ।

निरागी पद सिर धरूं ॥ गारु० ॥ १७ ॥ गारु० ॥ जे जाणे रत्न त्रयतत्व । तेतो काँच न कदा ग्रहे ॥ गा० ॥ गा० ॥ दाख्यो मुज मन भेद । जदा कचपच पर रहे ॥ गा० ॥ १८ ॥ सुणो रायाहो ॥ गारुडी कहे विस्मय होय । हो यह हट नहीं काम को ॥ सुणो ॥ सुणो ॥ अवसर ओलखो आप। नाश न करो सुखधाम को ॥ सुणो रा० ॥ १८ ॥ सुणो रा० ॥ मत करो काय से नमन । मन से करोतो ते जाणसे ॥ सुणो ॥ सुणो ॥ हूं समजावूंगा तास । दुःख खोसी दया आणसे ॥ सुणो रा० ॥ १९ ॥ सुणो रा० ॥ मैं भी जाणू जैन धर्म । संगति करी साधु तणी ॥ सुणो ॥ सुणो ॥ छे छंडी आगार । सदित सम्यक्त्व गुरु भणी ॥ सु० ॥ २० ॥ सु० ॥ अल्प दोष महा लाभ । प्रत्यक्ष तो विचारीये ॥ सुणो ॥ रहे वंश जगे सु नाम । छे मनुष्य ऊगारीये ॥ सुणो ॥ २१ ॥ सुणो ॥ संसारी दोष पूरीत । तो इणरो लेखो कीस्यो ॥ सुणो ॥ अति ताण्या टूट जाय । क्या कहूं ज्यादा शाणा दीस्यो ॥ २२ ॥ स्याद्वाद जिनमत । एकान्ति मिथ्यामति ॥ सुणो ॥ सुणो भाइ

हो ॥ अमोल यह चउदमी ढाल । देव यों भरमावे अति ॥ सुणो ॥ २३ ॥
❀ ॥ दोहा ॥ इत्यादि जिनमत न्याय दे । राजा ने समझाय ॥ पण द्रढ
राय ते बात ने । जरा ही श्रद्धे नाय ॥ १ ॥ गारुडी संतप्त हो । कहे खेदाश्चर्य
धर ॥ हटीलो नृप तुम सारीखो । नर नहीं देखा अपर ॥ ५ ॥ ग्रही पक्ष
सम्यक्त्व का । किया दया का नाश ॥ स्वकुटुम्ब पर ममता नहीं । तो क्या आवे
पर त्रास ॥ ३ ॥ हीया की उपजे नहीं । परकी न माने केण ॥ ऐसा नर से चुप
भली । क्यों गमावूं वेण ॥ ४ ॥ धीर नृप यों बचन सुण । क्रोध न लायो लगार ॥
जिनमत रहस्य समजाववा । करे गारूडी से उचार ॥ ५ ॥ ❀ ॥ ढाल १५ मी ॥
हो पियु पंखीडा ॥ यह० ॥ अहो सुणो गारूडी । बोले जिन मार्गनी रहस्य तणा
नृप जाणजो । जिन धर्म मानी न मानी मित न्याइ खरोरे लो ॥ अहो सुण गा-
रूडी । थें कही साची बात जो । चहात ऐसो कायर नर जिन मत परोरे लो
॥ १ ॥ अहो ॥ मुझ से न बोल यह बोल जो । तोल जो नर को देख के बयण

से कहाडीये रेलो ॥ अहो ॥ धर्म को जो जाणे सत्य जो । तो किम असत्य में निजात्म नमाडीयेरे ॥ २ ॥ अहो ॥ जो कधी जावै प्राण जो । प्राण न खण्डू हूं कधी श्री वीतरागनीरे लो ॥ अहो ॥ देविन्द्र देव लिया मान जो । वो किम वन्दे प्रतिमा हिवे हीन नागनी रेलो ॥ ३ ॥ अहो ॥ अतिचार अल्प ते बहुत जो । समाल करीने आत्म डूबावे आपनी रेलो ॥ अहो ॥ दया निजात्मनी होय जो । तोयज परनी दया श्रेय मत थापनीरे लो ॥ ४ ॥ अहो ॥ ज्यों कंटक खुचे अंग माय जो । तिम अन्य मत पेठो अति दुःखदाइ हेरेलो ॥ अहं ॥ जाणी लगावे अतिचार जो । तास प्रायश्चित शास्त्र किसा बताइये रेलो ॥ ५ ॥ अहो ॥ जो करे व्रत खण्डन जो । तेहथी अण खण्डीत व्रति सदा भलारेलो ॥ अहो ॥ जो होवे स्थिर रहेण समर्थ जो । तो भले राखो आपणा व्रत ने निर्मला रेलो ॥ ६ ॥ अहो ॥ जो पालन सके उत्सर्ग जो । तो ते कायर सेवे छै अपवादने रेलो ॥ अहो ॥ पाले अडग उत्सर्ग जो । तहां ने अपेक्षा करीये कहा स्याद्वादने रेलो ॥ ७ ॥

अहो ॥ वीतराग नो मत स्याद्वादजो । तूं कहे ते हूं मानू छूं साचो सही रेलो ॥ अहो ॥ पण सो ज्ञानान्तर होय जो । पाप में तो स्याद्वाद त्रिकाले छे नहीं रेलो ॥ ८ ॥ अहो ॥ यहां नहीं दया को पक्ष जो । यह तो पक्ष प्रत्यक्ष है संसारनो रेलो ॥ अहो ॥ नहीं जीव ऊगार्या कहेवाय जो । एतो गिनावै कीनी रक्षा परिवारनी रेलो ॥ ९ ॥ अहो ॥ नारी पुत्र राज काज जो । कधी न छोडूं धर्म श्रीजिन राजनो रेलो ॥ अहो ॥ यह पाया ऋद्धि अनन्त जो । वार अनन्ती हुवा अछे सहू साजनो रेलो ॥ १० ॥ अहो ॥ कोण किसी को धन परिवार जो । सार न सरसी स्वार्थ सरीयां कोइनी रेलो ॥ अहो ॥ स्वार्थिया सब जाणे जो । कर्म संचित संग आवै करणी होइनी रेलो ॥११॥ अहो ॥ धर्म प्राप्ति दुर्लभ जो । सो पायो हूं महान् पुण्य ना जोगथी रेलो ॥ अहो ॥ दालिद्री चिन्तामणी जेमजो । न्हाखी ने कौण भोगे विप्ति भोगथीरेलो ॥ १२ ॥ अहो ॥ मत कर यह उपदेश जो । मत आसाधर में पूजूं अन्य देव नेरेलो ॥ अहो ॥ होणहार सोही होय जो । वाछूं नहीं पुत्र नारी

सेवक सेवनीरेलो ॥ १३ ॥ अहो ॥ नहीं इण लोक सुख चहाय जो । लाय जाणूं हूं सम्पति सब संसार की रेलो ॥ अहो ॥ सब मिल्या वार अनन्त जो । तृप्त न हुइ आत्म इश्वरी अपार नीरेलो ॥ १४ ॥ अहो ॥ अनित्य क्षणीक सुख काज जो । कौन मूर्ख हारेगा नित्य सुख सायबीरेलो ॥ अहो ॥ दुर्लभ लाभ हुवो मुझ जो । गमाया पीछी दुर्लभ हाथे आयवीरेलो ॥ १५ ॥ अहो सुण गारुडी ॥ न तजु प्राणान्ते टेक जो । न नमुं कदापि जिनजी विना अन्य देवनेरे ॥ अहो ॥ तूं जाणे जिनमत रहस्य जो । तुझ ने चेतावा कही येह बातों में वनीलो ॥ १६ ॥ अहो ॥ तुझ थी जो होव उपाव जो । तो कर भलाइ सचेतन छे प्राणीयारेलो ॥ अहो ॥ धर्म हट मत ताण जो । सार २ श्रद्धिले थोडा में जाणीयारेलो ॥१७॥ अहो ॥ टूटी आयुष्य की स्थित जो । सान्ध सके नहीं शक्ति किसी ही देवनी-रेलो ॥ अहो ॥ जो पूरो हुवा इन को कालजो । तो जा घर तुझ गरज नहीं मुझ हेवनीरेलो ॥ १८ ॥ अहो सुणो श्रोताजी । इत्यादि विविध बात जो ।

गारुडी रूप सुरने कही वे प्रभाइ से रेलो ॥ अहो सुणो श्रोताजी । सुर पाम्यो चमत्कारनो । चल्या शक्यो नहीं अजुमें द्रढ ताइ से रेलो ॥ १९ ॥ अहो ॥ द्रढ धर्मी राजान जों । होवो सर्वही सम्यक्त्व धर्म आराधवारेलो ॥ अहो ॥ यह हुइ पंचदश ढाल जो । कहे अमोलक सूर बनो मोक्ष साधवारे लो ॥ २० ॥ ❀ ॥ दोहा ॥ गारुडी रूपे देवते । सुणी विजय ना वचन ॥ चीडायो अति चित्त में । देखी नृप कठन ॥ १ ॥ कहेरे नृपति भोलीया । कदाग्रही दयाहीन ॥ निज हिता हित न ओलखे । बातों करे प्रवीन ॥ २ ॥ खोटो भव्य तव्य ताहारे । होतो दीसे हाल सामार्थ सुरथी न डरे । बोले आल पंपाल ॥ ३ ॥ रोगी वैद्य बचनने । जो अवगणी तजंत ॥ तो त रोग वृद्धि हुवा । महा पीडा पावंत ॥ ४ ॥ तैसेही तुझे यह कदाग्रह को । फल देशी नागराय ॥ इम बड बडतो गारु ा । छोड चल्यो ने ठाय ॥ ५ ॥ ❀ ढाल १६ वी ॥ मुझ विनतडी अवधारो साहिब ॥ यह ॥ देखो भव्य विजय नृप द्रढताइ । राखी अखण्ड प्राणान्त ॥ टेर ॥ गारुडी जाता

ही तत्क्षीण । प्रगट्यो नभ में भाण । जाणे विजय की द्रढता प्रेक्षन ॥ आवै दिन सुलतान ॥ देखो ॥ १ ॥ मन्त्र बले जो अही बन्धे थे । वो छूटै तत्काल ॥ नदी पूर जो उलटे एकदम । जैसे सेनारो आयो काल ॥ देखो ॥ २ ॥ काला लीला पीला धोला । काबरा विचित्र रंग ॥ द्वी जिह्वा से झरे विष महा । अरुण नेत्र भय ढंग ॥ देखो ॥ ३ ॥ ते सर्प टोली में एक महानाग । उतंग फण पसार ॥ नृप सन्मुख हो बोले नरपर । अहो मूर्ख बे बिचार ॥ देखो ॥ ४ ॥ धीठा चीठा भाव अरीठा । अधर्म नीडर बेश्रम ॥ धर्म गर्व छक उनमत होकर । करे वे विचार के कर्म ॥ देखो ॥ ५ ॥ नहीं जाणी हजु महारी शक्ति । जो सहतां मुश कल ॥ जहां लग तेरे अङ्ग न व्यापी । तहांलग तूं अटल ॥ देखो ॥ ६ ॥ जट्टड नर कहने सुनने से । डर नहीं धरे लगार ॥ निज पर वीते समझे तुर्तही । येही है थारो विचार ॥ देखो ॥ ७ ॥ कृत्य कर्म का अति कटुक फल ॥ भोगव तूं इणवार ॥ यों कहतो नृप अंगे बिठाणों । असूरत्त क्रोध मझार ॥ देखो ॥ ८ ॥

मर्म स्थानों नशों बन्धी जकडी । कीनो सर्व अंग डंस ॥ और अनेक लघु सर्प आइ । बीटयों नृप अवसंश ॥ देख ॥ ९ ॥ चूंट २ नृप तन ने तोडी । करे रक्त मांस अहार ॥ मेरु ज्यों द्रढ ध्यानस्थ नृप हो । स्मरण करे नवकार ॥ १० ॥ महा विषे पसरा सब ही तन में । दवाग्नि सा करूर ॥ जाने बज्र प्रहार करे है । कोप्यो मघाव के असुर ॥ देखो ॥ ११ ॥ तीक्षण शस्त्रे अरी तन काटे । त्यों फटने लगा तन ॥ महा भयानक भोगे जो जाने । के जाने भगवन ॥ देखो ॥ १२ ॥ थर २ थर तन सब कम्पे । तरर २ छूटे रक्त ॥ तड २ सब नाडी टूटे । जेहर चढा अति शक्त ॥ देखो ॥ १३ ॥ प्रेक्षक को बोले जेष्ट नागसो । देखो दुष्ट के हवाल ॥ स्वजन पुरजन आदि जो रचना । दिग मुढ हुवे असराल ॥ देखो ॥ १४ ॥ अति वेदन से मुरछाइ पडे । पाडे भयानक चीस ॥ देखे सो अति त्रासित होवे । देव कोपे क्या जगीस ॥ देखो ॥ १५ ॥ हरीत वदन दशन कृष्ण भये । तडफे जल बिन मीन ॥ साक्षात नरकसी वेदन । अनुभवे जाणी ते दिन ॥ देखो ॥ १६ ॥

यम प्रहार भूल्या सो संभर्या । अहो सत्य कथन भगवन्त । इससे अनन्त गुणी महा बेदन। भोगवी बार अनन्त ॥ देखो ॥ १७ ॥ इन बिचार में मन रमावे । तबही सुने समाचार ॥ राणी पूत्रों छेही मृत्यू पाये । करो ले जा संस्कार ॥ देखो ॥ १८॥ जले अंग पर क्षार के जैसे । वीता नृप मन परीताप ॥ तो भी तेह अखण्ड ध्वनी से । करे नवकार को जाप ॥ देखी ॥ १९॥ ज्यों २ वेदन वृद्धि पावे । त्यों त्यों भाव निर्मल ॥ अधिक २ आस्तिक जिनजी के । बचन में हुवे सबल ॥ देखो ॥ २० ॥ महा संकट में महा स्थिर रहे । धन्य विजय नृपाल ॥ कहे अमोल बनरी यों आत्म । यह षोडशमी ढाल ॥ देखो ॥ २१ ॥ ❀ ॥ दोहा ॥ ता समय तेही गारूडी । धुणावतो निज सीश ॥ विजयराय ढिग आवीयो । देखतो दया जगीस १॥ त्रासित मुद्रा से कहें। अरे अब तो जरा मान । नमन कर नाग देव नै । क्यों गमावे प्रान ॥ २ ॥ अति दुर्लभ महा पुण्य सै । अपूर्व वक्त यह पाय ॥ लै लावो दीर्घ आयु वर ।

हो मूर्ख मा गमाय ॥ ३ ॥ सब जन त्रास नरमी कहे । अरे अब तो भी समझो राय ॥ समकित भंग आदि पाप सब । दो मेरे शिर ढाय ॥ ४ ॥ किमही नमो नगेन्द्र को । ज्यों सब पावें सुख ॥ कोलाहल यों मचारहे । राय मौन गृही मुख ॥ ५ ॥ ❀ ॥ ढाल १७ वी ॥ नहीं सन्देह लगार निरोपम ॥ यह ॥ निर्मल समकिति विजय भूपति । श्री जिनधर्मी महाशूर ॥ यद्यपि महा उपसर्ग सहू विधि । तद्यपि न चल्यो मन भूर ॥ विज० ॥ १ ॥ नरक सम दुःख से तन पीडावे । सज्जन बोले कुजबान ॥ कुटंब संहार हुवो पण जाण्यो । तो भी न कम्प्या प्राण ॥ विज० ॥ २ ॥ मेरु पर द्रढकर तन बैठा । पद्मासन लगाय ॥ कहे सब से बकबाद करो मत । मुझ मन द्रढ पहली सहाय ॥ विज० ॥ ३ ॥ मुझ व्रत न पलटे कदापि । जो ऊगे पश्चिम भाण । रे गारुडी पड्यो किनके चाले । नहीं नहीं खण्डु जिन आण ॥ विज० ॥ ४ ॥ धर्म खण्डन की बात न करजे । करसी तो शिक्षा पासी ॥ रे गारुडी जो तूं जाने तो । में पूछूं सो दे प्रकाशी ॥ देखो ॥ ५ ॥

यह अति वेदन असाह्य मुझ थी । रहसी कितने कालतांइ ॥ आयुष्य म्हारो रह्यो कित्ती घडी । जाने तो कहदे भाइ ॥ दे० ॥ ६ ॥ ज्यों मुझने यह सर्प डस्यो है । ऐसो ही डसे अन्य तांइ । तो ते काल कितनों जीवे । जाणे तो देवताइ ॥ देखो ॥ ७ ॥ ते जाणूं तो में पाप आलोइ । सलेषणा करूं भले भावे ॥ निशल्य होकर गति सुधारुं । और कुछ मुझ नहीं चावे ॥ देखो ॥ ८ ॥ यों सुण मत्सर धर कहे गारुडी । स्थिति दीर्घ विष की जाणो ॥ जधन्य पीडे षट मासा लग । देव कोप कहा व्याख्यानो ॥ देखो ॥ ९ ॥ पण क्यों भोगो दुःख दारुण यह । कारण किसो फरमावो ॥ अति विस्मय महारो मन पावे । किणर्थ सर्वस्वय गमावो ॥ देखो ॥ १० ॥ महासत्व को धारी वीरपुत्र । सुणी ने नहीं डर्या लगारो ॥ निर्विकल्प चित्त ने द्रढ स्थिर कर । इण विध कर तो ऊचारो ॥ देखो ॥ ११ ॥ सुणो सहू जन पुष्प की तरेह मुझ । तन अति है सुकुमाल ॥ तो पण धर्मार्थ मुनि पर अबी । मन तन हुवो मुझ उजमालो ॥ देखो ॥ १२ ॥ जो यह वेदन सहतां

आकरी । तो पण मे थोडा ही जाणूं ॥ इससे भी कभी होय अनन्त गुणी । तो भी कुमति ने नहीं मानू ॥ देखो ॥ १३ ॥ छे मास तो काल बीतसी । म्हारे मने न घणी बातो । छसो पूर्व लग दुःख भोगवूं । तो ही ने टूटे धर्म को नातो ॥ देखो ॥ १४ ॥ ज्यो ज्यों यह दुःख बृद्धि पावे । त्यों ज्यादा सुखकारक जाणूं ॥ धर्मार्थ कारण महा निर्जरा । किंचित खेदन आणूं ॥ देखो ॥ १५ ॥ ज्यों अधिक समभाव से सहूंगा । त्यो ही सुख अधिको पास्यूं । योही जो सर्व कर्म क्षयथावे । तो निरामय मुक्ति में जास्यूं ॥ देखो ॥ १६ ॥ इनसे अनन्त गुण ॥ अनन्त बार । दुःख भुक्ते में नरक मांही ॥ नर्क सें दुःख अनन्त गुण अधिका । निगोद में पचीयो रहाही ॥ देखो ॥ १७ ॥ सम्यक्त्व भङ्गे । नरक निगोद के भव अनन्त करना पडसी ॥ सम्यक्त्व निर्मले किंचित दुःख सही । महा दुःख मेटी शिवपद वरसी ॥ देखो ॥ १८ ॥ परवश्य अनन्त दुःख सहे जहां निर्जरा हुइ कभी लवलेशो।अपूर्व लाभ को अवसर यह मुझ।रोष कोई ने जरा मत देशो॥ देखो

॥ १९ ॥ उपकारी हुवा नाग देव मुझ । अशुभ कर्मों को खपावा ॥ महारा ब-
ध्यां में ही भोगवूं । सुखसे यह सुखीयों थावा ॥ देखो २० ॥ यों संवेगा वीर रस
पुरीत । बचन सुणी सहू विस्माया ॥ बहवा बोलो विजय सम्यक्त्वी की । अमोल
ढाल सतरे मांया ॥ देखो ॥ २१ ॥ ❀ ॥ दोहा ॥ यों द्रढ निश्चयात्म बनी ।
पद्मासन लगाय ॥ मेरु ज्यो स्थिर रहे ध्यान धर । सद्बोध करत उचार ॥ १ ॥
लोक दीग मुढ होरह्या । बोली न सके लगार । देखी प्रत्यक्ष यह चरी । असुर
अचंभ्यो अपार ॥ २ ॥ देखे अवधि ज्ञान से । तीव्र वेदन नृप तन । पण मनसा
निर्मल अति । समय २ बृधन ॥ ३ ॥ कीना उपाव डीगावने । उलट हुवे द्रढ
भाव ॥ सखेदाश्चर्य मुरझा गयों । हार्यो जुगारी दांव॥ ४ ॥ पस्तावे अति मनमे ।
इन्द्र वयण अपमान ॥ निरर्थक सताया महा सत्वी ने । अहो २ विजय गुणखान
॥ ५ ॥ ❀ ॥ ढाल १८ वी ॥ गोपीचन्द लड़का ॥ यह ॥ धन्य २ सब बोलो ।
द्रढ धर्मी विजयराय को ॥ टेर ॥ ताही समय सब विप्ति विरलाइ । देव गगन में

ऊभाई ॥ जय २ नाद करे विजयराय को । दुंदवी रह्यो बजाइजी ॥ धन्य ॥ १ ॥ पंच दिव्य तहां प्रकट करीया । सुगंधी जल वर्षाइ ॥ रत्नाभूषण वस्त्र अत्युत्तम । सोनैया ढग लगाइजी ॥ धन्य ॥ २ ॥ अनेक रूपकर विचित्र देव का । गगन में छत्त छवाइ ॥ विविध प्रकारे विजय गुण गावै । वाजित्र विविध बजाइजी ॥ धन्य ॥ ३ ॥ अहो २ सत्व अहो २ द्रढता । जे विजयराय में पाइ ॥ ते नहीं पावे अन्य स्थाने । धन्य २ विजय तात भाइजी ॥ धन्य ॥ ४ ॥ क्रोडोंरूप कर क्रोडों जिह्वा से । विजय गुण न कहाही ॥ आज पवित्र होवुं चरण भेटी । यों कही सभा में आइहो ॥ धन्य ॥ ५ ॥ महा दिव्य रूप वस्त्र भूषणधर । मुक्र मुगट पद ठाइ ॥ कह रुदन्तो क्षमो देव मुझ । महा अपराध कीधाइंजी ॥ धन्य ॥ ६ ॥ करजोडी नमी सन्मुख ऊभो । सत्य विरतन्त दर्शाइ ॥ में परसंस्या किसी कर नृप । सीमन्धर जिन सराइहो ॥ धन्य ॥ ७ ॥ प्रथम स्वर्गपति जिन वन्दन गये विजय पुष्कलावति मांइ ॥ सीमन्धर से इन्द्र प्रश्न किया । को सम्यक्त्वी भरत

मांइ हो ॥ धन्य ॥ ८ ॥ जिनजी नाम तुमारो दाख्यो । न सके देव दानव चलाइ ॥ तैसी पर संस्या सुधर्मी सभा में । कीनी सुरपति आइजी ॥ धन्य ॥ ९ ॥ में मिथ्यात्वी श्रध्यो नाहीं । जाण्यो अभी आवूं डीगाइ ॥ यो अभीमान धरी में आयो । श्रावक रूप बनाइ हो ॥ धन्य ॥ १० ॥ धर्म चरचा में नहीं पराभव्या तब । साधु समुदाय बनाइ ॥ भृष्टाचार बतायो मुनि को । तो भी तुम न चल्याइजी ॥ धन्य ॥ ११ ॥ नागदेव स्वप्नो में दीनो । निमिनिक मेही बन्याइ ॥ नाग रूप धर उपसर्ग कीना । गारुडी हो आइ चलाइजी ॥ धन्य ॥ १२ ॥ इत्यादि सहू कर्तव्य महारा । तुमने महा पीडचाइ ॥ सब जग डीगीयो न तुझ मन तू डीगीयो । मेरु मरुत के सहाइजी ॥ धन्य ॥ धन्य ॥ १३ ॥ अहो सत्वाधिश धर्मी मौली मणी । शूरवीर धीर राइ ॥ जिनेन्द्र देवेन्द्र परसंस्था से । अधिक आप पायाइंजी ॥ धन्य ॥१४॥ जेती महारी शक्ति थी सबही । तुम परली अजमाइ ॥ तुम मनकी महाशक्ति आगे । महारी नचाली क्रांइजी ॥ धन्य ॥१५॥ सुर से भी नर अधिक

सत्व धर । आज तुम प्रत्यक्ष देखाइ॥ प्रभाण जन्म जैन कुल धर्मने । जे जगे तुम पायाइजी ॥ धन्य ॥ १६ ॥ में महादुष्ट कुदेव दयाहीन । जुलम अति कीधाइ ॥ विना गुणे महा धर्मात्म ने । संताप्या कुटुम्ब सहाइजी ॥ धन्य ॥ १७ ॥ पण तुम मने से काल इतना में । द्वेष जरा न लायाइ ॥ ऐसी द्रढता किंचित मुनि में । तो संसारी क्या कहाही हो ॥ धन्य ॥ १८ ॥ अहो नरेन्द्र धर्मेन्द्र कृपालु । मुझ रंक पर दया लाइ ॥ खमो २ यह सर्व गुन्हाने । अब फिर करूंगा नाहीं हो ॥ धन्य ॥ १९ ॥ करी बत्तीस क्षमा किंकर पर । दो माफी दान सहाही ॥ एह उपकार न भूलूं कदापि । मेहर करो महाराइहो ॥ धन्य ॥ २० ॥ मुझ लायक चाकरी फरमाइ । पवित्र करो मुझ तांइ ॥ ढाल अष्टदश माहीं अमोलक । सानन्दाश्चर्य वर त्याइजी ॥ धन्य ॥ २१ ॥ ❀ ॥ दोहा ॥ संतुष्टी नृप कहे देव को । तुम अपराध न लगार ॥ महारा बन्ध्या भोगव्या । न करो कोइ विचार ॥ १ ॥ सुर तरु चिन्तामणी थकी । अधिक जिनेश्वर धर्म ॥ सो फल्यों मुझ हृदय विषे । इससे न

कोइ परम ॥ २ ॥ सो जाचुं में तुम कने । और न को मुझ चहाय ॥ इतना पर जो देवो मुझ । तो मांगू एकवाय ॥ ३ ॥ देव कहे फरमाइये । आप कहो सो प्रमाण ॥ राय कहे तो छोडदो । मिथ्यामत दुःख खाण ॥ ४ ॥ स्वीकारो जैन धर्म को । करो चउतीर्थ सेव ॥ उन्नती करो धर्म सत्य की । पावो सुख सदेव ॥ ५ ॥ प्रमाण बचन यह आपका । करजोडी कहे देव ॥ में धार्यो जैनधर्म को । पालूंगा अहमेव ॥ ६ ॥ विजय गुरु वंदन करी । खेद हर्ष दिलधार ॥ देवगया देवलोक में ॥ पाले धर्म स्वीकार ॥ ७ ॥ ❀ ॥ ढाल १९ वी ॥ तूं महारी जरणी ॥ यह ॥ तुम सुनो गुनी लोको । सर्वार्थ सिद्ध शुद्ध ध्यान से ॥ टेर ॥ पक्खीपर्व आराधन विजय जी । पोषध शाल में आय । अष्टादश दोषण रहित शुद्ध । पोषधव्रत गृही रहाय । धर्यो ध्यान तब पिछली राते । धर्म ध्यान को ध्याय हो । तुम ॥ १ ॥ चिन्ते धिक्कार मुझ ने तांई लुब्धी सुख मझार । जाण तां ही पण छोड़ी न सकुं यो संसार असार । राज कुटुम्ब मे गृद्ध हुवो में । करणी न बने लगार हो ॥ तु-

म ॥ २ ॥ अब प्रति मोह घटाने। देइ पुत्र को राज । सर्व प्रपंच को छोडी करी ये । रहूं एकान्त जगाज ॥ श्रावक का व्रत वारेही धारू । त्यों सुधरे कुछ काज हो ॥ तुम ॥ ३ प्रात भया पोषो पारी ने । चारों अहार निपजवाय । भाइ पुत्रना री आदि दे । सवी परिवार जिमाय । अति प्रडम्बर नन्दकुमर ने राज तखत बैठाय हो ॥ तुम ॥ ४ ॥ फिर लेइ सर्व की सो आज्ञा । धर्म उपकरण लेये । पोषधशाला में एकान्ते धर्म करंता रेय । तप जप खप शाख प्रमाणे । करे नित्य प्रत तेय हो ॥ सुणो ॥ ५ ॥ जे निपजे निज कुटुम्ब के घर में । उनके निमित से अहार वक्त सिर अचिन्त्य तहां जाइ । भीगबे थोडे जे वार । ज्ञान ध्यान में स-दा उद्यमी । हाणी न करे लगारहो ॥ सुणो ॥ ६ ॥ एकदा सन्ध्या समय वि-जयजी । देवसी प्रतिक्रम कर । तीनों मनोर्थ चिन्तवता ते दीना स्थिर ध्यान धर । अपूर्व भाव चड्या ते वारे एका ग्रहे तरजी ॥ सुणो ॥ ७ ॥ अहो प्रभु जी आप महा सुख सागर । प्रकास्यो जैन धर्म । बिना कष्ट शुद्ध भाव आराधे ।

अर्पे शिव सुख पर्म। तप जप किरिया की न जरूरत धरे द्रढ एकात्मा हो ॥ तुम ॥ अष्टादश दोषण रहित सो। अरिहंत देव कहाय। शुद्धाचारी निर्ममत्व धरी निग्रन्थ गुरू गिनाय। सर्व जीवों को एकान्त सुखदाई। धर्म जिनाज्ञा मांय हो। ॥ सुणो ॥ ९ ॥ यह व्यवहारी धर्म तिहुं। तत्व को भव्य जीवो आराधे त्रिशल्य त्रिकरण से त्यागे। जाम जैन मत लाधे। यथा शक्ति वास किरिया निपाइ। आत्मार्थ को साधे हो ॥ तुम ॥ १० ॥ निजात्म निज गुण में तल्ली न हो। सो ही निश्चय देव जानो। आत्मा ज्ञानानन्दे रमण करे। गुरु तेही पहछानो। पर परिणति तज निज परिति ये। रमे सोही धर्म मानो जी ॥ तुम ॥११॥ यह निश्चयिक तीनो तत्व श्राद्धि। यथा शक्ति में पाल्या। परन्तु ममत्व शरीर की न घटी तासे संयम न धार्या। धिक्कार होवो मेरे प्रमाद को। भव भ्रमण नहीं टाल्या हो ॥ तुम ॥ १२ अनित्य पदार्थ तन अशुचि। कुटम्ब स्वार्थी सारा। शरणदाता कोइ होवे नाहीं। दुःख निवारण हारा ॥ पुद्गलानन्दी होकर आत्मा अपना भान

विसाराजी ॥ तुम ॥ १३ ॥ इत्यादि चिन्तवन करत अप्रमत स्थान पाई ॥ आगे क्षपक श्रेणि पडिवजी । कषाय लाय बुझाई ॥ क्षीण मोह को कियो विजय जी । शुक्ल ध्यान में रमाईयाजी ॥ तुम ॥ १४ ॥ घोर अन्धारी रात्री मांइ । अनन्त भानु के साइ ॥ केवलज्ञान और केवल दर्शन । विजय आत्मे प्रकटाइ । जो वस्तु महा कष्ट से पावे । सो सहजे हाथ आइजी ॥ तुम ॥ १५ ॥ पिता से पुत्र यों अधिक गिनीजे । सो संयम ले केवल पाय । इनने तो गृहस्थाश्रम मांही । ध्यान से केवल कमाया । यों पुण्य की उत्कृष्टता देखो । ध्यान बली केसा भाया हो ॥ तुम ॥ १६ साधुलिंग सासणपति देवता तत्क्षीण लाइ दीना । गृही वेस परिहर विजयजी । ताहे धारन कीना । ढाल उन्नीसवी कही अमोलक विजयजी चिन्तित लीनाजी ॥ तुम ॥ १७ ❀ दोहा ॥ केवल महीमा करन को । सुरगण अति उमंगाय । गगने वाजे देव दुंदुभी । जय २ शब्द गर्जाय ॥ १ ॥ पुरजन कौतुक देखके । अति आश्चर्य मन लाय । कौन पाये केवल इहां । दर्शने

नर गम धाय ॥ २ ॥ आये पोषध शाल में । विजय ऋषि वर देख । जाने यही हुवे केवली । पाये हर्ष विशेष ॥ ३ ॥ दिन कर भी तब प्रगटा । मिले सज्जन सब आय । पुरजन आदि परिषदा । बहुत ही तहां भराय ॥ ४ ॥ जग तारन जिन रायजी । धर्म देशना फरमाय । सो सुणियो श्रोता सवी । लेजो आत्मे रमाय ॥ ५ ५ ॥ ❀ गाल २० मी ॥ मे मुख देख्यो गोडी पारस को ॥ यह ॥ चेतो चतुर शुद्ध सम्यक्त्व धारो । धर्म से खेवा पारजी ॥ टेर ॥ चार अंग अति दुर्लभ जगमें प्रथम नर अवतारजी ॥ चे० ॥ १ ॥ नव घाटी में अनन्त परावर्तन । किया जन्म मरण धारजी ॥ चेतो ॥ २ ॥ अनन्त पुण्ये नर हुवा । पिन सूत्र सुणवो हुकर कारजी ॥ चेतो ॥३॥ मिथ्या वाणी खोटी कहानी । सुण अनंतवारजी ॥ चेतो ॥४॥ श्रीजिनवाणी सुणके श्रद्धे । सोही सम्यक्त्व उचारजी ॥ चेतो ॥५॥ कुश्रद्धा और और मिथ्या शल्य सोभमा अनन्त संसार जी ॥ चेतो ॥ ६ ॥ चौथा बोल श्रद्ध के स्पर्शना । यथा शक्तियानुसार जी ॥ चेतो ॥ ७ ॥ ज्ञान सहित चारित्र पाले

तो । हो जावै खेवा पार जी ॥ चेतो ॥ ८ ॥ क्षमा मुक्ति अज्जु ने मार्दव । लाघव सत्य संयम भार जी ॥ चे० ॥ ९ ॥ तप ज्ञान ब्रह्मचर्य धारे तो । निश्चय खेवा पार जी ॥ चे० ॥ १० ॥ ज्ञान दर्शन चरन त्रय रत्न यह । करे आत्म निस्तार जी ॥ चे० ॥ ११ ॥ आत्मिक गुण तज प्रणति रमणता । सोही रुलावनहार जी ॥ चे० ॥ १२ ॥ ममत्व बन्धे जो बन्धे जकडी । वो कैसे छुटकार जी ॥ चे० ॥ १३ ॥ जो छेदे अरोहीत मच्छ पर । तस खुल्ला शिव द्वार जी ॥ चेतो० ॥ १४ ॥ यह तन प्रत्यक्ष अशुचि का कूंडा । धर्म करे तो होवे उद्धार जी ॥ चेतो ॥ १५ ॥ असार से सार निकले सो निकालो । जो तुम हो होंशार जी ॥ चे० ॥ १६ ॥ येही तन है मोक्ष को कारण । कार्य हेतु सो लेवो धार जी ॥ चे० ॥ १७ ॥ अपूर्व और महा लाभ दाता । येह अवसर श्रेयकार जी ॥ चेतो ॥ १८ ॥ अलभ्य लाभ लभ्य हुवो लूंटो । मरणो अभी ही विचार जी ॥ चेतो ॥ १९ ॥ गइ वक्त पुनः आवे न किमपि, खोया सोच अपार जी ॥ चेतो ॥ २० ॥ यों सत्य जाणी

चेतो भव्य प्राणी । अक्षय सुख इच्छनार जी ॥ चेतो ॥ २१ ॥ जिनाज्ञा आराधो निजात्म साधो । होवो शान्त निर्विकार जी ॥ चेतो ॥ २२ ॥ तरो तारो सब दुःख निवारो । पावो मोक्ष पद सार जी ॥ चेतो ॥ २३ ॥ इत्यादि सद्बोध दर्शायो । ढाल बीसमी मझार जी ॥ चेतो ॥ २४ ॥ ऋषि अमोलक धर्म पसाये । सदा रहे जय जय कार जी ॥ चेतो ॥ २५ ॥ ❀ ॥ दोहा ॥ सुधासमी सुणी देशना । तृप्ति सभा शान्त रस ॥ वैराग्य उर्मि ऊमंगी । काढने वक्र सु-कस ॥ १ ॥ सम्यक्त्व व्रत नियम गुण । धारे बहुत सुज्ञ जन ॥ जयसेण आदि सौ परिवार के । परम संवेग व्याप्यो मन ॥ २ ॥ सहू परिषद योगे विशुद्ध । जिनजी को करे नमस्कार ॥ आइ थी उसी दिशी गइ । यथा शक्त धर्म धार ॥ ३ ॥ जयसेण जिनवन्द कर । लुलीयों करे उचार ॥ श्रध्या परतीता उपदेश यह । स्फरसवा द्रढ निर्धार ॥ ४ ॥ जिनजी कहे यथा सुख करो । प्रतिबन्ध करीये नाय ॥ सुणी अति हर्षी पुनः वन्दी । निज २ सदने आय ॥ ५ ॥ ❀ ॥ ढाल २१ वी ॥ गौतम

रासा की देशी ॥ परमानन्दि वैरागीया जी । निज २ कुटुम्ब समजाय । दीक्षा लेवण सज हुवा । तब सज्जन मौछब मण्डाय जी। शुद्धोदक न्हावण कराय जी॥ दिव्य भूषण वस्त्र सजाय जी ॥ जो सहश्र पुरुष उठाय जी । ऐसी सेविका नवों को बैठाय जी ॥ श्री समकित उत्सव सुखदा सदा ॥ टेर ॥ १ ॥ आया परिवारे परिवार्या जी । विजय केवली पास ॥ सहू यथा विधि वंदन कियो । फिर इशाण कोण रही खास जी ॥ वस्त्र भूषण तज करी रास जी । पंचमुष्टि लोचन कर्या स जी ॥ साधु वेस धार्या उमंग्या सजी । वन्दी जिनजी से करे अरदास जी ॥ श्री ॥ २ ॥ अलिता पलिता संसार में जी । जरा मरण प्रज्वलंत ॥ तामे जले जग जंतुआ । हम आपके शरण आवन्त जी ॥ दया कर हमे तुम बचावन्त जी । अर्पो संजम शिष्य करो ससन्त जी ॥ जिनजी कुटुम्ब आज्ञा लेवन्त जी । नवों जनों को दिक्षा देवन्त जी ॥ श्री ॥ ३ ॥ जय १ ऋषि आनन्द २ मुनिजी । सुन्दर ३ साधु महंत ॥ एह तीनो सन्त सोभिता । अब छे सती नम भणन्त जी ॥

जयवति १ विजीया २ गुणवन्त जी । जेतश्री ३ भोगनी ४ दीपन्त जी ॥ जयति ५ कामलता ६ सोहंत जी । यों नव ही शिव पन्थ वरन्त जी ॥ श्री ॥ ४ ॥ साधु सतियों संग परिवर्या जी । जिनराय कीयो विहार ॥ गाम सीम लग सहू मिली । पहोंचाइ फिर्यो परिवार जी ॥ झुरता गुण गण प्रिती संभार जी । आया सब निज २ आगार जी ॥ करे धर्म कर्म यथा सार जी । अब संतों सतीयों अधिकार जी ॥ श्री ॥ ५ ॥ जिनराज एकान्त स्थानके जी । बैठा सब परिवार ॥ असेवना गृहणा शिक्षा विस्तारी करी उचार जी । जो ज्ञान गुणे आचार जी ॥ ते लीनी सन्त सती धार जी । और ज्ञान पढ्या सूत्र सार जी । फिर करणी में मड्या एकतार जी ॥ श्री ॥ ६ ॥ ज्ञानानन्दि मगन ध्यान में जी । तपे तप घोर द्रढ जाप ॥ ग्राम नगरा आदि विचरता । साहता परिसहा शीत ताप जी ॥ सद्बोधे उपकार अमाप जी । करता तारता भव्यजन तदाप जी ॥ फेलायो धर्म सत्य थाप जी ॥ बहूते तारे जगसे सापजी ॥ श्री ॥ ७ ॥ श्री विजय जिनराजवी

जी । एक लक्ष वर्ष आयु पार ॥ अनसनी हो द्रढासनी । किया अघातिक कर्म छार जी ॥ पधारे मोक्ष मझार जी । हुवे अजरामर अविकार जी ॥ अनन्त अक्षय सुख लीन सार जी । कृत कृतार्थता यही धार जी ॥ श्री ॥ ८ ॥ जय पुण्य वृद्धि हुवा जी । पहोंता सर्वार्थसिद्ध मांय ॥ एकावतारी उत्कृष्ट सुखी । महा विदेह से मोक्ष सिधाय जो ॥ और सबी स्वर्गे जाय जी । अतुल्य महा सुख भुक्ताय जी ॥ थोडा ही भवन्तर मांय जी । पामसी शिव सुख सदाय जी ॥ श्री ॥ ९ ॥ आत्म मेदनी विशुद्ध करी । तामे विनय बीज वौवाय ॥ शील कोट से घेर कर । विविध ज्ञान बगीचा बनाय जी ॥ महाव्रत वाडी फूलाय जी । समता रूप होइ सुखदाय जी ॥ क्षमा रूप नीर भराय जी । वैराग्य रंग दे घोलाय जी ॥ श्री ॥ १० ॥ सद्बोध पिचकारी भर करी । सुमति गुप्ति सहेली संग ॥ सझाय वाजित्र झणकार से । हुवे अनहद नाद में चंगजी । खेले उत्सव विजय सुरंगजी पाये सो सुख अभंगजी । बनो येही आत्म प्रसंगजी ॥ श्री ॥ ११ ॥ ज्यों विजय जी

सपरिवार से। यह उत्सव रमी पाये सुख। त्यों सब श्रोता वक्ता मिली। धारो द्रढ श्रद्धा सम्यक सन्मुखजी। महा उपसर्ग न होवो कलुखजी। तो तैसे गया सो सब दुःखजी। यह कथन सार धारो मुखजी। तो कथन श्रवन सार पुखजी ॥श्री॥ १२॥ श्री सासनपति महाबीर के जी। आचार्य हुवे गुणधार। पूज्यलवजी ऋषि सोमजी ऋषि। पूज्य कहानजी ऋषि सिरदारजी। तारा ऋषिजी काला ऋषिजी सारजी। वक्षु ऋषिजी धनजी ऋषि लारजी। महन्त खूवा ऋषिजी अणगारजी। चेन ऋषि जी गुरु प्राणाधार जी ॥ श्री ॥ १३ ॥ तस्य किंकर अमोल ने यो। वंदिता सूत्रानुसार ॥ कथा पढी कथी रास में। यथामति सुधार बधार जी ॥ अक्षेप विक्षेप मतानुसारजी। करतां विरुध असत्य हो उचारजी। तो सर्वज्ञ आत्म साक्षीदारजी। मिथ्या दुष्कृत्य मुझे वारम्वारजी ॥ श्री० ॥ १४ ॥ कोविद कवीयों को अर्पिए। कहूं कीजो यस सुधार ॥ नहीं कवी में कवी शीशु। तेही बुद्धि विबुद्ध उर वारजी ॥ कीजो सर्व दोषण को निवारजी। प्रसार जो गुण विस्तार

जी । होवे सर्व लाभ दातारजी । येही प्राप्त पदार्थ सारजी ॥ श्री ॥ १५ ॥ श्रीवीर निर्वाण संवत्सरा वीते चौबीस सो सत्तबीस । विक्रम उन्नीससो अठावने देश दक्षिण सुपुनीश जी ॥ घोड नदी ग्राम धर्माधीश जी ॥ रहे चतुर मांस सु जगीस जी । शुभ विजय दशमी के दीस जी । यह पूर्ण हुइ मुझ जगीस जी ॥ श्री ॥ १६ ॥ सती शिरोमणी महासती जी । श्री रामकवर जी जान । तस अनुज्ञ ए रच्यो । यह सम्यक्त्वोत्सव मण्ड जी ॥ सम्यक्त्व सब गुणों की खान जी । चिन्तामणी काम कुंभ समान जी ॥ पूरे इच्छा देइ इष्ट दान जी । जय जय सदा अमोल धर्मवान जी ॥ श्री समकित उत्सव सुखदा सदा ॥ १७ ॥ ❀ ॥

॥ कळश ॥ हरीगीत छन्द ॥

ॐ नमो अर्हं सिध सहू । सर्वज्ञ प्रणित जैन धर्म जी ॥
चारों शरण येह सदा मुझने । वांछित सुख देवे परम जी ॥

सम्यक्त्वोत्सव पढत सुणते । नाशत मिथ्या भरम जी ॥
ऋद्धि सिद्धि सब सुख पावे । अरि होवै नरम जी ॥ १ ॥

श्रीविजय जिनराज गृही रही सम्यक्त्व पसाय केवल वरा ।
पुण्यात्म गुण पठन श्रवन होत शिव सुख सत्वरा ॥
अमोल ऋषि कहे कृपानाथजी । येही गुण दो सरत्त जो ।
जय रहो चौ संघकी सदा आनन्द मङ्गल वरतजो ॥ २ ॥

परम पूज्य श्रीकहानजी ऋषिजी महाराज की सम्प्रदाय के बाल ब्रह्मचारी
श्रीअमोलक ऋषिजी महाराज रचित सम्यक्त्वोत्सव-जय विजय चरित्र
का समकिताधिकार नामक उत्तरार्ध खण्ड समाप्तम् ॥

❀ श्रीसम्यक्त्वोत्सव-जय विजय चरित्र समाप्तम् ❀